
# 400 से 500 लोगों का कारवां चला विजय के मोर रायगढ़ ग्रीन रायगढ़ टीम के साथ

## पूर्व विधायक विजय ने जूट मिल में भी दिलाई शपथ, किया जल संकट से आगाह





रायगढ़। रायगढ़ में मोर रायगढ़ ग्रीन रायगढ़ का अभियान निरंतर रूप से चल रहा है, और निर्बाध चलता रहेगा। जनता के आशीर्वाद से पूर्व विधायक विजय ने प्लास्टिक मुक्त रायगढ़ बनाने की दिशा में जिस जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की है, वह आज भी जारी है।

मैं शपथ लेता हूं कि आज के बाद जब तक बहुत जरूरी नहीं होगा मैं प्लास्टिक का, पॉलीथिन का उपयोग नही करूंगा यही संकल्प पूर्व विधायक विजय ने जुटमिल के आम जनों को दिलाया। आज शुक्रवार की शाम जुटमिल पुराने बस स्टैंड में कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

पूर्व विधायक विजय अग्रवाल के इस अभियान में 400 से 500 लोगों ने भाग लिया। पूर्व विधायक विजय ने लोगों को प्लास्टिक के खतरे से आगाह कराते हुए कहा कि प्लास्टिक धरा के अंदर बरसात के पानी को जाने से रोक देता है, जिसके कारण धरती पर भू जल स्तर घट रहा है और भू जल स्तर गिरने से रायगढ़ में गर्मी के महीनों में जल संकट किस तरह सामने आता है, आप सब इसके प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसलिए हम सबकी भलाई इसी में है कि प्लास्टिक से होने वाले खतरे से सचेत हो जाएं और इसका उपयोग कम करें। तत्पश्चात विजय ने, टीम मोर रायगढ़ ग्रीन रायगढ़ एवं पूर्व महापौर, पार्षदों के साथ गली-गली, घर-घर जाकर कपड़े की थैली बांटकर लोगों को प्लाटिक का उपयोग कम करने को कहा।

आज के इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर महेंद्र चौहथा, वरिष्ठ पार्षद कौशलेश मिश्रा, पार्षद दिबेश सोलंकी ,पार्षद अशोक यादव, पार्षद मुक्ति बबुआ, पार्षद नवधा परदेसी मिरी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनुपम पाल, पूर्व पार्षद सीताराम विश्वकर्मा, विजय सिंह, डॉक्टर साहू, भगवती जी बूंद कुवर, उर्मिला, रिता निषाद जी,अमित शर्मा मनीष सिंह ,जितेंद्र निषाद, किरण शर्मा, अविनाश चौहान ,कुंदन चौहान, आकाश सोनी, निंकुज शर्मा ,आशीष मिश्रा, शुभम भाटिया ,तरनजीत भाटिया, रवि चौहान ,अजय भगत ,आकाश देवांगन, विक्की शर्मा, रौनक मित्तल, संदीप शर्मा ,सुरेंद्र ,अंकित ,गिलेस, आदर्श शाही, कुंदन दीवान ,जिम्मी अग्रवाल राजा, राजा भाटिया ,मनीष चौहान, रवि शर्मा ,हेमंत मालाकार, आदर्श शाही, दीनानाथ कुमार, विक्रांत सचिन, गगन चौहान, पिंकू अग्रवाल, नान्हु बाबू, नीलेश पटेल, नवरत्न चौहान, प्रीतम चौहान, मोनू महंत, जितेश महंत मौजूद थे

# चक्रधर समारोह की नौवीं संध्या पर मुख्य आयकर आयुक्त ने किया दीप प्रज्वलन



रायगढ़ । 34 वें चक्रधर समारोह के नौवीं संध्या पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्य आयकर आयकर एस एस एस बी रे दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में पधारे विख्यात कलाकारों का शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। प्रथम रायगढ़ प्रवास पर पधारे मुख्य आयकर आयुक्त को जिला प्रशासन की ओर से एस डी एम भागवत जायसवाल और मंच संचालक राजेश डेनियल ने आयकर कार्यालय में पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। मुख्य आयकर आयुक्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए चक्रधर समारोह के सफल संचालन एवं उत्तम व्यवस्था हेतु जिला कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी और जिला पंचायत सी ई ओ श्रीमती चंदन त्रिपाठी कार्यक्रम उद्घोषक प्रो अम्बिका वर्मा सहित समस्त आयोजक एवं संचालक समिति को बधाई दी ।

इस अवसर पर आयकर अधिकारी मुख्यालय सुजीत विश्वास आयकर अधिकारी रायगढ़ वार्ड 1 एवं 2 जितेंद्र सिंह आयकर अधिकारी वार्ड 3 बी डी सिंह एवं आयकर सलाहकार संघ के सचिव हीरा मोटवानी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# रायगढ़ में थोक विक्रेताओं हेतु व्यापार विहार की मांग -चेंबर



रायगढ़। छोटी और सकरी सड़कों में स्थित दुकानों के बाहर व्यापारिक माल उतारने के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है यह दृश्य तब है जबकि बड़ी ट्रकों की जगह आजकल छोटा हाथी जैसे छोटे वाहन से माल मंगाकर व्यापार किया जा रहा है। ऐसे में रायगढ़ के सभी प्रकार के थोक विक्रेताओं हेतु एक बड़े व्यापार विहार सदृश्य व्यापारिक केंद्र की आवश्यकता प्रासंगिक हो गई है। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री हीरा मोटवानी ने मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह,विधायक रोशन लाल अग्रवाल,जिलाध्यक्ष श्रीमती शम्मी आबिदी का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि यदि रायगढ़ में कोई बड़ा व्यापारिक केंद्र व्यापार विहार की तर्ज पर विकसित किया जाता है तो इससे न केवल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रहेगी बल्कि रायगढ़ के व्यापार को भी एक नया आयाम मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि हर बड़े शहर में इस प्रकार के मंडियों और थोक बाजारों का विस्तार हो चुका है जबकि रायगढ़ का व्यापार जगत आज भी पुरानी बस्ती और पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ किसी तरह से तालमेल कर व्यापार को जारी रखे हुए है। लेकिन आने वाले दिनों में शहर के अंदर व्यापार करना और भी कठिन हो जाएगा इसलिए यह आवश्यक है कि हर प्रकार के ट्रेड यथा कपड़ा दवाई सीमेंट लोहा किराना फल सब्जी आदि के व्यापार को एक नया बाजार दिया जाए और वहां सर्व सुविधा युक्त चौड़ी सड़कें नाली पक्के दुकान पार्किंग आदि विकसित किए जाए ताकि सभी थोक मंडीयां वहां आसानी से संचालित हो सके प्रदेश उपाध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष घनश्याम बंसल, रामजी लाल अग्रवाल, बजरंग महमिया (अध्यक्ष एक्शन कमेटी) , करतार सिंह कालरा, नंदलाल मोटवानी सचिव श्रवण केजरीवाल ललित बोदिया, रविशंकर अग्रवाल, विनय कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार गर्ग महावीर अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल सह सचिव राहुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र अग्रवाल तुलसी, राजेंद्र अग्रवाल केडिया, मोहन अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल किरोड़ीमलनगर, भगवानदास बजाज, विकास गोयल, अशोक जैन, डोल नारायण देवांगन अशोक अग्रवाल गांधी गंज, वेद प्रकाश अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल मंगला ट्रेडिंग, मनोज गुप्ता किशोर कुकरेजा, परितोष शुक्ला, उमाशंकर पटेल पेट्रोल पंप, चंद्रशेखर चौधरी, शिव कुमार अग्रवाल विजय कुमार गर्ग, विनोद कुमार अग्रवाल अजंता ऑप्टिकल, राकेश पटेल, दीपक अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, साई ट्रैवल्स नवीन खजांची, प्रदीप श्रृंगी ने मांग की है कि जिस तरह प्रदेश शासन औद्योगिक क्षेत्र निर्मित कर उद्योगों को सस्ते दरों पर जमीन उपलब्ध कराता है ठीक उसी तरह थोक व्यापारियों को भी सस्ते दरों पर भूखंड उपलब्ध कराया जाये।



# गोल्ड मेडल से सम्मानित हुई खूशबू शर्मा

रायगढ़। शहर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पौत्र वधू व पूर्व ठेकेदार कैलाश शर्मा व उनकी अर्धांगिनी मारवाड़ी महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष श्रीमती बीना शर्मा की पुत्रवधू श्रीमती खूशबू शर्मा ने बीए फिजियोलॉजी में प्रथम आकर गोल्ड मेडल हासिल करने में कामयाब रहीं इनकी शानदार कामयाबी से श्री शर्मा गौरवान्वित हुआ है व प्रतिभावान श्रीमती खूशबू शर्मा को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं मिल रही है ।

# भाजपा नेता देवी प्रसाद अग्रवाल का निधन

रायगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता देवी प्रसाद अग्रवाल (कोतरलिया वाले) का निधन वे 80 वर्ष के थे। वे चैम्बर ऑफ कामर्स रायगढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और प्रेम कुमार अग्रवाल (जामगांव) के चाचाश्री थे। वे अपनी पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित नाती पोतो से भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार शाम 5 बजे उनके कोतरलिया स्थित निवास से निकाली गई।

# अग्रवाल मित्र सभा का आम सभा का आयोजन 26 सितंबर को होटल अंश में



रायगढ़ । नगर की सक्रिय एवं अग्रणी सामाजिक अग्र संस्था अग्रवाल मित्र सभा रायगढ़ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आम सभा का आयोजन 26 सितंबर बुधवार को रात्रि 7.00 बजे से होटल अंश इंटरनेशनल के सभागार में किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के सचिव शैलेष कुमार अग्रवाल ने बताया कि बैठक में आगामी 10 अक्टूबर, बुधवार को महाराजा अग्रसेन जी की 5142 वीं जयंती में श्री अग्रसेन सेवा संघ रायगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अग्रवाल मित्र सभा, रायगढ़ के भागीदारी के संबंध में विस्तृत चर्चा कर उचित निर्णय लिये जावेंगे। छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अग्रवाल संगठन, रायपुर द्वारा 29 एवं 30 सितंबर को दुर्ग में आयोजित अग्र अलंकरण समारोह में सक्रिय भागीदारी हेतु विस्तृत जानकारी सदन की दी जावेगी। आमसभा में अग्रवाल मित्र सभा के संरक्षकगण रोशनलाल अग्रवाल विधायक, नरेश अग्रवाल वकील एवं डा. जी.एस. अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। संस्था के कोषाध्यक्ष अजय गोयल द्वारा आय-व्यय का लेखा-जोखा सदन के सम्मुख रखा जावेगा। बैठक में श्री अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष मुकेश मित्तल कलानोरिया, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, सचिव रमेश छपारिया, कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल महमिया एवं उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल मां बंजारी की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। संस्था के सचिव शैलेष अग्रवाल द्वारा अग्रवाल मित्र सभा के सदस्यों एवं उनके परिवार के विभिन्न क्षेत्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर मंच से सम्मान किया जावेगा।

अग्रवाल मित्र सभा के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एडव्होकेट ने संस्था के सभी पदाधिकारियों, विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ-साथ सभी सदस्यों से आम सभा में पूरी सक्रियता से शामिल होने का विनम्र आग्रह किया है।

# अथ चक्रधर समारोह कथा



दिनांक 13.09.2018 से शुरू हुए चक्रधर समारोह का विगत दिनों समापन हो गया और पूरे समारोह के दौरान उपजी पेट मरोड़ और कुलबुलाती प्रश्नावलियों पर भी विराम लग गया। चयन समिति के सदस्यों से लेकर, कलाकारों से लेकर, कार्यक्रम की व्यवस्था तक सैकड़ों प्रश्न सोशल मीडिया से लेकर आम आदमी के जेहन में उबलते रहे जिसका इजहार पान दुकानों से लेकर नुक्कड़ों तक होता रहा। वैसे कोई नई बात नहीं, प्रतिवर्ष ऐसा होता रहा है और परिपाटि सी बन गई है यह। गिला, शिकवा, शिकायतों का पिटारा तो इतने बड़े आयोजन में खुलता ही है लेकिन प्रशासन द्वारा समारोह हेतु गठित समिति और सदस्यों को इस बात की गम्भीरता को समझनी होगी। पहली शिकायत सांस्कृतिक भवन का पूर्ण न हो पाना है और जनता का आक्रोश सबसे जादा इसी बात पर है। यह तर्क संगत बात भी है कि यदि सांस्कृतिक भवन का प्रस्ताव आज से वर्षो पूर्व घोषित हो चुका था तो इसके बनने में इतनी कोताही क्यों? इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति की फेरहिस्त तैयार की जाए तो अनेक नाम जुड़ते चले जायेंगे। जिसमें राजपरिवार की उदासीनता भी शामिल किया जा सकता है। साल भर अदृश्य से रहने वाले राजपरिवार के सदस्य यदि चक्रधर समारोह में अनायास सक्रिय एवं उत्सव की गरिमा को लेकर ललक दिखाते है उस तरह इस समारोह हेतु सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए उनमें ऐसी इच्छा शक्ति होनी चाहिए जो भवन निर्माण के पश्चात ही शांत हो। अंतत यह पूरा कार्यक्रम उनके परिवार से सम्बद्ध आदरणीय महाराजा चक्रधर सिंह का है जिनकी ख्याति और कीर्ति न केवल देश बल्कि विदेशों तक फैली है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ही सही राजपरिवार को इसे गम्भीरता पूर्वक समझ कर आवश्यक कदम उठाने होंगे।

दूसरी बात चयन समिति के सदस्यों को लेकर है जो वर्षो से जमे हुए हैं जिन्हें संगीत का ककहरा तक ज्ञात नहीं। शुक्र है प्रशासन को अंततः पं.वेदमणी सिंह की याद आई। ऐसे अनेक नामचीन फनकार और कलाकार इस शहर और प्रदेश में है जो इस समारोह की भव्यता को बेहतर स्वरूप देने में सक्षम है। उत्सव धर्मिता रायगढ़वासियों के खून में कीटाणु की तरह मौजूद रहती है जो किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों में कुलाचे मारने लगती है। ऐसा ही कुछ अवांछित और अमर्यादित नजारा प्रतिवर्ष चक्रधर समारोह में देखने मिलता है जब अतिविशिष्ट लोगों के बीच जलपान वितरित होता रहता है। इसका विपरीत प्रभाव न केवल दर्शकों बल्कि उससे जादा प्रदर्शन कर रहे कलाकारों पर पड़ता है। दर्शक तो विरोध कर नहीं पाते क्योंकि लम्बे कार्यक्रमों में होने वाले छोटे-छोटे अंतरालों में वे बेचारे ठेलो और गुमटियों वालों को कृतार्थ कर पुनः कार्यक्रम का लुत्फ उठाने में मशगूल हो जाते हैं लेकिन कलाकारों द्वारा इस पर गत वर्ष तीखी प्रतिक्रिया दर्ज की गई थी जिसकी पुनरावृत्ति इस वर्ष भी हुई है।

अंत में इस समारोह के बेहद चमकीले और उजले पक्ष पर चर्चा के बगैर यह लेख अधूरा होगा। वह है जिले में चल रहे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को महिला कुश्ती और कब्बडी आयोजित कर इस समारोह से जोड़ने का सार्थक प्रयास। जिसका सम्पूर्ण श्रेय यदि किसी को जाता है तो वह कलेक्टर मैडम शम्मी आबिदी, नोडल अधिकारी, मैडम चंदन संजय त्रिपाठी एवं उनकी पूरी टीम को। दुबले पर दो अषाढ़ जैसी परिस्थितियों में भी आसन्न विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद चक्रधर समारोह के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में समयाभाव के बीच भी समय निकाला। महज निकाला ही नहीं बल्कि रायगढ़वासियों ने पहली बार कब्बडी के उद्घाटन मैच में कलेक्टर शम्मी आबिदी को पहली रेड डालते और समापन में पारंपरिक लोकनृत्य में बच्चियों के साथ थिरकते देखा। ये पल रायगढ़वासियों की स्मृति में अविस्मरणीय रहेंगे। वर्तमान माहौल में इस तरह के कार्यक्रम चाहे वे सांस्कृतिक हों या खेल-कूल के बेटियों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बनकर आते हैं। चक्रधर समारोह को बेटी बचाओ से जोड़कर उन्होंने लोकमान्य तिलक की याद दिला दी जिन्होंने पराधीन भारत में इसी गणेशोत्सव को अंग्रेजों की दासता के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम का मंच बना लिया था।

आखिर में दिल से आभार और उससे जादा आभार उन माता-पिता को जो ऐसे कार्यक्रमों में मीलों दूर अपनी बच्चियों को इस विश्वास के साथ भेजते हैं कि वे अपनी उड़ाने खुद तय करें वे समझते हैं कि उड़ान के लिए पंखों से जादा हौसलों की जरूरत होती है।

-आशा त्रिपाठी

# सार्वजनिक रामलीला समिति की नयी कार्यकारणी करेगी रामलील, दुर्गा पूजा एवं दशहरा का भव्य आयोजन

रायगढ़। सार्वजनिक रामलीला समिति के अध्यक्ष किशोर घोष ने समाचार जारी करते हुए बताया कि रामलीला के आयोजन के मद्देनजर समिति की बैठक दिनांक 21 सितम्बर 2018 को आयोजित की गयी थी। जिसमें व्यक्तिगत कारणों से दो पदाधिकारियों द्वारा आयोजन कार्य में असमर्थता जताये जाने पर नये कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें बैकुंठपुर निवासी ऋषि वर्मा को सचिव व पूर्व उपकोषाध्यक्ष दीपक शर्मा को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि रामलीला पूर्व की भांति भव्यता से आयोजित की जायेगी। अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान कार्यकारणी में आयोजन के समस्त भार को आवंटित किया गया है। अतः समय कम होने के कारण उन्होने समिति के वर्तमान कार्यकारणी को आयोजन का भार सौंपा। ज्ञात हो कि रामलीला गत 50 वर्षो से आयोजित किया जाता रहा है। सोशल मीडिया के जमाने में विलुप्त होती रामलीला को भव्यता प्रदान करना एक चुनौती का कार्य हो गया है जिसे हमसब के लिए इसे जीवीत रखना एक कड़ी चुनौती है लेकिन अपने संस्कृति को बनाये रखना हमसब का दाईत्व एवं कर्तव्य है। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। इसलिए कृपया सभी मानश प्रेमी बन्धुओं से आग्रह है कि आप सभी पूर्व की भांति सहयोग प्रदान करेंगे।

तीन पदाधिकारियों को हटाया गया

सार्वजनिक रामलीला समिति के तीन पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से हटा दिया गया है। समिति ने इन तीनो पदाधिकारियों के मनमानी के कारण इन्हे बाहर का रास्ता दिखाया है। बहुत जल्द रामलीला की नै समिति का गठन किया जाएगा।

सार्वजनिक रामलीला समिति आज किसी भी परिचय का मोहताज नहीं है। रायगढ़ का रामलीला पुरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्द है। पिछले वर्ष 34 साल से अध्यक्ष रहे दीपक पांडेय के इस्तीफा देने के बाद किशोर घोष को अध्यक्ष बनाया गया था। एक वर्ष यह रामलीला काफी विवादों में घिरा रहा इस वर्ष भी सार्वजनिक रामलीला समिति की बैठक हुए बिना अध्यक्ष किशोर घोष, दीपक शर्मा व प्रसून उपाध्याय ने बिना किसी अन्य सदस्यों की रॉय लिए बिना सचिव राजेंद्र पांडेय को हटाकर लायंस क्लब के ऋषि वर्मा को सचिव बना दिया और सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया था फिर क्या विरोध का स्वर प्रारम्भ हुआ और बाकी के 30 से भी अधिक सदस्यों ने मिलकर इन तीनो सदस्यों को सर्वसम्मति से हटा दिया। पूर्व अध्यक्ष व सरंक्षक दीपक पांडेय ने बताया की बहुत जल्द सार्जनिक रामलीला समिति के सभी सदस्यों की बैठक बुलाई जायेगी और नए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सचिव राजेंद्र पांडेय का कहना है की किसी भी कार्य की जानकारी इन्हे इन तीनो के द्वारा नहीं दी जाती है कार्य होने के बाद पता चलता है बार बार का यही इनका रवैया था इस बार तो बिना मेरे इस्तीफा दिए मुझे हटाकर किसी और को सचिव बना दिया गया।

सर्वसम्मति व तीन की सहमति यहाँ सार्जनिक रामलीला समिति में खासा महत्त्व रखती है।

# रासेयो स्थापना दिवस पर तारापुर स्कूल में हुआ विविध कार्यक्रम

रायगढ़। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवस मनाया गया । विदित हो कि महात्मा गांधी जी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की गई थी अतः प्रति वर्ष 24 सितंबर को रासेयो का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

तारापुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य वी.सी.पी. कालो, वरिष्ठ व्याख्याता एम.एल.चौधरी, हरिचंदन पटेल, व्यख्याता किरणकुमार पटेल, चंद्रशेखर पटेल, माध्यमिक खंड से प्रभारी प्रधान पाठक गणेशराम पटेल सीएससी हरीशंकर पटेल विज्ञान सहायक शिक्षक कृष्णकुमार सिदार एवं रामेश्वर डनसेना द्वारा स्वामी विवेकानंद जी एवं महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन दिया गया । कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र डनसेना भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य, सिद्धांत वाक्य एवं गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई वहीं छात्र छात्राओं के लिए एन.एस.एस. से संबंधित ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य श्री कालो द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस अवसर पर छात्र-छात्राओं को समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहकर अपने व्यक्तित्व विकास करने की शुभकामना दी गई। लेखापाल केतन प्रसाद पटेल द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन वृत्त तथा संदेश का वाचन करते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया रासेयो स्वयं सेवकों द्वारा समवेत स्वरों में प्रेरणा गीत का गायन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कमलेश राणा, शेखर पटेल गुलशन पटेल, मिथिलेश साहू, कृष्णा पटेल, विरेंद्र पटेल, राहुल साहू, कु.टिकेश्वरी पटेल, कु.खेल कुमारी कु.रमा पटेल, रोहिणी पटेल इत्यादि स्वयं सेवकों की सक्रिय भागीदारी रही ।

अंत में उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को विराम दिया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रभारी शिक्षक रामेश्वर डनसेना द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।